
# आरोपी डॉक्टर की जमानत याचिका पर सुनवाई बढ़ी

## छिंदवाड़ा में जहरीला कफ सिरप पीने से हुई थी 25 मासूम बच्चों की मौत

**जबलपुर, 16 जनवरी. छिंदवाड़ा में जहरीला कफ सिरप पीने से 25 मासूम बच्चों की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपी डॉ. प्रवीण सोनी की जमानत याचिका पर बढ़ गयी.**

हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने अगली सुनवाई 20 जनवरी को निर्धारित की है. गौरतलब है कि जहरीले सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत के मामले में पुलिस ने 6 अक्टूबर को डॉ प्रवीण सोनी को गिरफ्तार किया था. जिला न्यायालय से जमानत आवेदन खारिज होने के बाद




उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी. आरोपी डॉक्टर की तरफ से दायर जमानत आवेदन में कहा गया है कि बच्चों की मौत के लिए वे जिम्मेदार नहीं, बल्कि इसमें दवा कंपनी की गंभीर लापरवाही है. उन्होंने नियमानुसार दवा लिखी थी और सिरप में जहरीले तत्व होने की जिम्मेदारी निर्माता कंपनी की बनती है.

### मेडिकल अभ्यार्थियों को झटका

मप्र हाईकोर्ट ने मेडिकल शिक्षक भर्ती से जुड़े एक मामले में स्पष्ट किया कि मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की गाईडलाइन के तहत संबंधित संस्थान चयन के लिए उच्च योग्यता निर्धारित कर सकते हैं. इस मत के साथ न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं को चयन प्रक्रिया में भाग लेने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने कहा कि अंतरिम राहत देने से उनके साथ अन्याय होगा जिनके पास समान योग्यता है, लेकिन जिन्होंने संबंधित विज्ञापन में भाग नहीं लेने का विकल्प चुना है. युगलपीठ ने स्वास्थ्य एवं मेडिकल एजुकेशन विभाग के संचालक, नेशनल मेडिकल कमीशन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है. दरअसल यह मामला भोपाल की डॉ. सविता राठौर सहित करीब एक दर्जन अन्य सहायक प्राध्यापकों द्वारा किया गया था. जिसमें उन्हें चयन प्रक्रिया में शामिल करने की राहत चाही थी. याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि राज्य सरकार द्वारा तय की गई उच्च योग्यता एमसीआईके मानकों से अधिक है.

### मानहानि केस पर अब 26 फरवरी को सुनवाई

एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डीपी सूत्रकार ने मध्य प्रदेश विधानसभा के वर्तमान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष व विधायक अजय सिंह राहुल व जबलपुर के विधायक लखन घनघोरिया के विरुद्ध मानहानि प्रकरण पर बहस के लिए 26 फरवरी की तिथि नियत कर दी है. विगत सुनवाई पर न्यायालय ने सभी को नोटिस जारी किए थे. दरअसल, विजय पांडे की ओर से दायर परिवाद में कहा गया है कि वे नेशनल हेल्थ मिशन के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के पद पर जबलपुर में पदस्थ थे. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल सहित अन्य कांग्रेसी विधायकों ने पत्रकारवार्ता में उसकी अंकसूची को फर्जी तथा रिश्वत देकर नियुक्ति पाने के आरोप लगाए थे. कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने भी उनकी अंकसूची फर्जी होने का मामला विधानसभा में उठाया था. कांग्रेस विधायक ने पांच अगस्त को विधानसभा का वाक आउट भी किया था. विधानसभा में हुए हंगामे के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक सलोनी सिडाना ने उन्हें पद से हटाते हुए जांच के आदेश जारी किये गये थे.




# सकराली सरपंच सहित ग्रामीण भाजपा में शामिल

▶ कांग्रेस पार्टी को लगा बड़ा झटका

**पानसेमल, 16 जनवरी. विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सकराली सरपंच सहित कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए हैं जिससे कि कांग्रेस पार्टी को एक ओर झटका लगा है हाल ही में उपचुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद मोयदा और तलावड़ी के ग्रामीण भाजपा में शामिल हुए थे जिसके बाद शुक्रवार को सकराली के सरपंच परिवार सहित 25 अन्य भाजपा में शामिल हुए.**


श्याम बरडे ग्राम पंचायत सकराली बुजुर्ग में 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पुलिया के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे. विधायक श्याम बर्डे ने कहा कि वर्षो से ग्रामों में विकास कार्य नहीं हो पाए है ग्रामों के कुछ फलियों में आज भी बिजली नहीं है जिनका संज्ञान लेकर अब उन स्थानों पर मूलभूत सुविधाये उपलब्ध कराई जा रही हैं. भाजपा सरकार द्वारा लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं. विधायक बनने के बाद प्रत्येक ग्राम मेरा अपना ग्राम है इस विचारधारा के साथ कार्य किया जा रहा है.

मंच से उन्होंने ओसवाड़ा, मनकुई, शिवनी सहित अन्य ग्रामों में हुए करोड़ो के विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी .विधायक ने कहा कि सरपंच स्वेच्छा से परिवार के साथ भाजपा में शामिल हुए, उनका स्वागत हैं. सभी के सहयोग से ग्राम में शेष कार्यों को पूर्ण करवाया जाएगा .आपको बता दे उनके परिवार एवं वे स्वयं करीब चार बार कांग्रेस से सरपंच रह चुके है. वरिष्ठ कांग्रेस नेता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले उदयसिंह चौहान अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित हुए. उन्होंने बताया कि विधायक श्याम बरडे की कार्यकुशलता, व्यक्तित्व तथा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर लिया. विधायक श्याम बरडे ने सरपंच उदय सिंह चौहान एवं कार्यकर्ताओं को भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया.

## एक नजर में

### किसान के खाते से 3.43 लाख की ऑनलाइन ठगी

**शिवपुरी.** किसान के बैंक खाते से 3.43 लाख रु. का अवैध ट्रांजेक्शन हो गया है. किसान ने अपने आधार में नंबर लिंक कराया था. जिस ऑनलाइन सेंटर से अपडेशन कराया था, उसके संचालक पर ठगी का संदेह जताया है. मामले को लेकर पुलिस थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है. बामौरकलां थाने के ग्राम पिपरा निवासी सेवराज सिंह लोधी के बैंक खाते से 3 लाख 43 हजार 300 रु. निकल गए हैं. किसान सेवराज का कहना है कि ऑनलाइन कंप्यूटर सेंटर पर अपने आधार में मोबाइल नंबर लिंक कराया था. मोबाइल लिंक करने के लिए सेंटर संचालक ने बायोमेट्रिक डिवाइस में फिंगर लगवाया था.



### केएल राहुल पहुंचे महाकाल बाबा के दर पर

**उज्जैन, 16 जनवरी.** 18 जनवरी को भारत-न्यूजीलैंड के इंदौर में होने वाले मैच से पहले खिलाड़ी केएल राहुल ने महाकाल के दर्शन किए. भगवान महाकाल से टीम की जीत के लिए प्रार्थना की.

# मंत्री और सांसद के प्रयास से 12 करोड़ के 4 ब्रिज स्वीकृत

**आलीराजपुर, 16 जनवरी. कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनिता चौहान के प्रयासो से क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी खबर आई है.**

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी पुलिया के स्थान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 4 नए ब्रिजों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है. कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने बताया कि ग्राम कोदली, पीथनपुर, मोरियावाडा और आगलगोटा के रहवासीयो द्वारा समय समय पर पुलिया की रपट खराब होने के चलते आवागमन में हो रही असुविधाओं एवं परेशानियो के



बारे में बताया जा रहा था. जिसे गंभीरता से लेकर हमारे द्वारा कैबिनेट बैठक के दौरान चारों स्थानों पर जर्जर पुलिया के कारण ग्रामवासीयो को आ रही समस्या से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अवगत कराया, जिसपर उन्होने ग्रामवासियों की समस्या का समाधान करते हुए पुलिया जगह ब्रीज निर्माण किए जाने की मंजूरी प्रदान कर सम्बंधित विभाग को स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए.

# निजी स्कूलों में 628 छात्रों का फर्जी एडमिशन

## फीस की राशि का गबन : 26 .50 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**जबलपुर, 16 जनवरी. गरीब एवं कमजोर वर्ग के छात्रों की फीस की राशि 26.50 लाख रूपये की धोखाधड़ी कर गबन करने पर आधा दर्जन प्राइवेट स्कूलों के मालिकों एवं नोडल अधिकारियों के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, जबलपुर ने एफआईआर दर्ज कर ली है.**

6 प्राइवेट स्कूलों के द्वारा कुल 628 छात्रों का फर्जी एडमिशन अपने स्कूलों में दर्शाकर 26.50 लाख रूपये की फीस प्रतिपूर्ति राशि अवैध रूप से हड़पी है. सूत्रों के मुताबिक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई जबलपुर में विजयकांति पटेल ने शिकायत की गई कि




गरीबी रेखा के नीचे एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिये शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिये जाने का प्रावधान किया गया है. प्राइवेट स्कूलों द्वारा एक छात्र को 2 से 3 बार एडमिशन दर्शाकर जिला शिक्षा केंद्र जबलपुर से इस योजना में शासन से प्रदान की जाने वाली छात्रों की फीस प्रतिपूर्ति राशि का अनियमित भुगतान किया गया.

जांच में पाया गया कि जबलपुर जिले में 466 प्राइवेट स्कूलों को गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवार के बच्चों की वर्ष 2011 से 2016 तक अवधि में कुल 3, 27, 83, 521 रूपये की फीस प्रतिपूर्ति राशि भुगतान की गई थी. इनमें से 6 प्राइवेट स्कूलों के द्वारा कुल 628 छात्रों का फर्जी एडमिशन अपने स्कूलों में दर्शाकर 26.50 लाख रूपये की फीस प्रतिपूर्ति राशि अवैध रूप से हड़प ली गई. इन 6 स्कूलों के संचालकों ने कमजोर वर्ग के बच्चों की फीस की राशि का गबन कर शासन को 26.50 लाख की आर्थिक क्षति की.

# बच्चे को कंधे पर बैठाकर की हर्ष फायरिंग

**गुना, 16 जनवरी. जिले के बमोरी तहसील के ग्राम डोंगरी में भिलाला समाज के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने वाली घटना सामने आई. सैकड़ों लोग नृत्य और संगीत का आनंद ले रहे थे, तभी एक युवक ने हाथ में बंदूक लहराते हुए अचानक हवाई फायरिंग की.**

वहीं उसके पास ही एक नाबालिग बच्चा कंधे पर बैठा था, जिससे घटना बेहद खतरनाक हो गई. हवा में चली गोलियों से वहां मौजूद लोगों की जान जोखिम में थी. हालांकि कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन यह घटना दर्शाती है कि सार्वजनिक सुरक्षा और कानून की अनदेखी कितनी गंभीर है. सवाल उठता है कि क्या प्रशासन



और पुलिस सार्वजनिक कार्यक्रमों में सुरक्षा का प्रबंध करने में पूरी तरह असफल हो गए हैं? नियमों के बावजूद खुलेआम हथियार का प्रदर्शन किया गया, जिससे सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ गई. वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक प्रतिक्रिया पर भी सवाल उठ रहे हैं. पुलिस ने युवक की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कही है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई. विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे आयोजनों में हथियार की अनुमति नहीं होनी चाहिए और कानून का कड़ाई से पालन आवश्यक है.

### घटना प्रशासन के लिए चुनौती

डोंगरी की यह घटना प्रशासन के लिए चेतावनी और चुनौती दोनों है. यदि भविष्य में इसी तरह की लापरवाही रही, तो केवल एक 'हसीन हादसा टल गया' कहने भर से काम नहीं चलेगा. प्रशासन से अब जनता को जवाब चाहिए कि आखिर सुरक्षा व्यवस्था कहां है.

## गर्भगृह में प्रवेश को लेकर अखाड़ा परिषद-पुजारी आमने-सामने

**उज्जैन, 16 जनवरी.** महाकाल मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने मुख्यमंत्री, कलेक्टर व प्रशासक को पत्र लिखकर मांग की थी कि गर्भगृह में व्यवस्था बनाने के लिए केवल एक ही शासकीय पुजारी घनश्याम शर्मा को जाने दिया जाए. अन्य पुजारी व उनके प्रतिनिधियों को रोका जाना चाहिए. इस पर महाकाल विद्वत परिषद और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने पुजारियों के समर्थन में पत्र जारी कर कहा कि मंदिर समिति नियम तोडने वाले साधु-संतों से भी पालन करवाए.

# पार्टनरशीप के नाम पर 1 .85 करोड़ ठगे

**उज्जैन, 16 जनवरी. मेक रेकॉन फर्म में पार्टनरशीप का झांसा देकर महिला के साथ 1.85 करोड़ का ठगी करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया. शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश कर तीन दिन की रिमांड पर लिया गया है. आरोपी का एक साथी हरियाणा पुलिस की गिरफ्त में है.**

केशवनगर में रहने वाली विजया पति प्रदीप हरेल ने नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि सिंगरौली में रहने वाले संजीव कुमार सिंह और भोपाल निवासी निशिकांत मिश्रा ने मेक रेकॉन फर्म में पार्टनरशीप के नाम पर 1 करोड़ 85 लाख 50 हजार 500 रुपये की धोखाधड़ी की है. थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद मामले में 24 दिसंबर 2025 को दोनों के खिलाफ धारा 318 (4), 316 (2), 316 (5), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था. दोनों की तलाश के लिये एसआई यादवेन्द्र परिहार, भूपेन्द्र चौहान, प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, पीयूष मिश्रा, आरक्षक पुष्पराज की टीम गठित की गई थी. 21 दिन बाद गुरुवार को मामले में शामिल आरोपी संजीव कुमार पिता रामजन्म सिंह 50 साल निवासी हरयपुर थाना बेढन जिला सिंगरौली को गिरफ्तार किया गया है. प्रारंभिक पूछताछ के बाद सामने आया कि उसके साथी निशिकांत मिश्रा मिसरोद भोपाल को साइबर और वित्तिय धोखाधड़ी के मामले में हरियाणा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है. थाना प्रभारी के अनुसार शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है.

दोनों आरोपियों ने विजया हरेल को वर्ष 2022-23 में मेक रेकॉन फर्म खोलने का झांसा देते हुए बताया था कि वह पुरानी बड़ी मशीनों को खरीदकर उन्हे नई बनायेंगे और कंपनियों को बेचेंगे. फर्म में विजया हरेल पार्टनर बनाने की बात कहीं गई थी और अलग-अलग समय में करोड़ों की राशि लेकर परिचितों और तीसरे पक्ष की कंपनी के खाते ट्रांजेक्शन कर दिया. दोनों ने कोई फर्म नहीं खोली.

# विधायक को सांसद ने लिया आड़े हाथों

## अमर्यादित बयानबाजी पर दी तीखी प्रतिक्रिया

**जबलपुर, 16 जनवरी. हाल ही में मध्य प्रदेश के भांडेर से कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा सार्वजनिक रूप से दिए गए बयान की राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी है और शासन से मांग की है कि ऐसे अमर्यादित बयानबाजी करने वाले विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए.**

राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक ने नवभारत को बताया कि कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है जिस कारण उसकी मानसिक विकृति बयानबाजी के जरिए बाहर आ रही है. भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सबसे पहले बेटियों, आदिशक्ति का पूजन



कर कार्यक्रम की शुरूआत होती है लेकिन कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया बच्चियों, महिलाओं के प्रति जो मर्यादित बयान दे रहे हैं उसे अपने शब्दों में बोलना भी काफी निंदनीय है. ऐसे विधायक को तत्काल राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए. साथ ही दलित वर्ग का अपमान करने वाले विधायक को चुनाव में जिताने वाले दलित वर्ग के ही वोटर अब अफसोस कर रहे हैं कि कहां से उन्होंने इस विधायक को वोट देकर चुनाव जिताया था.

जानकारी के अनुसार भोपाल के समन्वय भवन में दो दिन पहले कांग्रेस की डिक्लेरेशन-2 की ड्राफ्टिंग कमेटी की बैठक में कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने दलिग वर्ग का अपमान करते हुए बयानबाजी की और बच्चियों, महिलाओं के खिलाफ अमर्यादित बयान दिए थे जिसके बाद से राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीक ने विधायक के खिलाफ आक्रोश जताया है. विधायक द्वारा दिए गए बयान में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग (एससी-एसटी) के विधायक-सांसदों की तुलना कुत्ते से की गई थी.

## जस्टिस पॉल ने एचसी के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली

**जबलपुर, 16 जनवरी.** जस्टिस सुजॉय पॉल ने शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली. शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश की कोर्ट नंबर एक आयोजित हुआ, जहां पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने उन्हें पद की शपथ दिलाई. जस्टिस पॉल पूर्व मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवगणनम की सेवानिवृत्ति के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे थे. उन्हें 18 जुलाई 2025 को कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया गया था. बताया गया कि मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल मूलतः जबलपुर में पले बढ़े हैं.

# टिकरी टोल प्लाजा में मैनेजर से की मारपीट



▶ टोल पेमेंट को लेकर शुरू हुआ विवाद, दो पर केस दर्ज

**सीधी, 16 जनवरी. जिले के टिकरी टोल प्लाजा पर मैनेजर से मारपीट का एक वीडियो सामने आया है. घटना गुरुवार शाम 7 बजे मड़वास थाना क्षेत्र की टिकरी चौकी के अंतर्गत हुई.**

पुलिस ने इस मामले में अनूप मिश्रा सहित दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है. जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के तहत संचालित टिकरी टोल प्लाजा का टेंडर बालाजी कंपनी के पास है. इसी टोल प्लाजा में मैनेजर जीवन रथ कार्यरत हैं. आरोप है कि अनूप मिश्रा ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मैनेजर जीवन रथ के साथ मारपीट की. यह घटना टोल प्लाजा परिसर में हुई. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद टोल भुगतान को लेकर शुरू हुआ, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गया. वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मैनेजर के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की जा रही है, जबकि अन्य कर्मचारी बीच-बचाव की कोशिश कर रहे हैं. इस घटना से टोल प्लाजा कर्मचारियों में चिंता का माहौल है. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की. भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 296, 115(2) और 351 (3) के तहत दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है. इनमें एक नामजद आरोपी अनूप मिश्रा है, जबकि दूसरा आरोपी अन्य के रूप में दर्ज किया गया है.

**आयोजन** ▶ उपमुख्यमंत्री ने ग्राम चावली में लगभग 4 करोड़ रुपये के सड़क मार्ग का किया भूमिपूजन

# सिंचाई परियोजना से खेतों तक पहुंचा पानी : देवड़ा

**मंदसौर, 16 जनवरी. उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम चावली में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे विकास कार्यों का भूमिपूजन किया.**

कार्यक्रम के अंतर्गत 3 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले बोरखेड़ी से बाबूखेड़ा व्हाया चावली सड़क मार्ग का विधिवत भूमिपूजन किया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित सहित अन्य




जनप्रतिनिधिगण, जिला अधिकारी, विकास खंड अधिकारी, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रदेश में सड़कों का चहुंमुखी विकास किया गया है. इसी क्रम में मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 250 सड़कों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है.

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी एक वर्ष में मल्हारगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के माध्यम से हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाया जाएगा, जिससे किसानों को बिजली की समस्या से राहत मिलेगी और सीधे चंबल नदी का पानी खेतों तक उपलब्ध होगा. स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का सपना था कि नदियों को आपस में जोड़ा जाए, ताकि कोई भी क्षेत्र सूखे से प्रभावित न रहे और प्राकृतिक बाढ़ पर नियंत्रण किया जा सके. आज देशभर में नदी जोड़ो परियोजना के अंतर्गत कार्य तेजी से प्रगति पर हैं.

## संधारा का शासकीय विद्यालय बना बकरियों का अड्डा, छात्राएं परेशान

**भानपुरा, 16 जनवरी.** भानपुरा तहसील क्षेत्र के ग्राम संधारा स्थित शासकीय कन्या प्राथमिक एवं माध्यमिक संयुक्त विद्यालय बीते दो वर्षों से बकरियों का अड्डा बना हुआ है. विद्यालय की बाउंड्री वॉल लंबे समय से क्षतिग्रस्त होने के कारण रोजाना शाम से देर रात व सुबह तक बकरियों को विद्यालय परिसर में बांध दिया जाता है, जिससे यहां अध्ययनरत 110 छात्राएं एवं विद्यालय परिवार भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं. विद्यालय की प्रधानाध्यापक ललिता धाकड़ ने बताया कि बकरियों की लगातार मौजूदगी से विद्यालय का स्वच्छ वातावरण प्रभावित हो गया है.

# साऊथ अफ्रीका के उच्चायुक्त पहुंचे स्कूल

**ग्वालियर, 16 जनवरी. सिंधिया कन्या विद्यालय का दक्षिण अफ्रीका के हाई कमिश्नर प्रो. अनिल सूकलाल ने पत्नी, नेलिस्ट्रा सूकलाल सिंह के साथ दौरा किया.**

प्रधानाचार्या निशि मिश्रा द्वारा उनका पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया तथा स्मृति चिह्न प्रदान किया गया. इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या गरिमा संधू, करियर काउंसलर उर्वशी, इवेंट कोडिनेटर शिवांगी सहाय, भारती सूद विशेष रूप से उपस्थित रहीं. प्रो. अनिल सूकलाल दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के भारत में हाई कमिश्नर एवं मिशन प्रमुख हैं. उन्होंने छात्राओं के साथ एक इंटरैक्टिव सेशन भी किया यह सत्र प्रेरणादायक रहा, जिसमें ब्रिक्स की वैश्विक



भूमिका, दक्षिण अफ्रीका का मुक्ति आंदोलन, तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर युवा सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई. संवाद का केंद्र मानवीय मूल्यों, नैतिक नेतृत्व एवं वैश्विक उत्तरदायित्व रहा. छात्राओं ने उनसे राजनयिक जीवन, व्यक्तिगत मूल्यों एवं वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में उनके अनुभवों से जुड़े प्रश्न पूछे. उत्तर में, महामहिम ने भगवद गीता की शिक्षाओं से प्रेरित विचार साझा करते हुए कर्तव्य, ईमानदारी और नैतिकता के महत्व पर बल दिया. उन्होंने शिक्षा को युवाओं के सशक्तिकरण एवं जिम्मेदार वैश्विक नागरिक निर्माण का सशक्त माध्यम बताया.